# UNIVERSITY NEWS 20 JUNE 2026

## AMRIT VICHAR

# यूनीरैंकिंग में लविवि का दबदबा, प्रदेश में पहला स्थान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में नंबर-वन स्थान हासिल किया
- टॉप-100 संस्थानों में जगह बनाने वाला एकमात्र राज्य विश्वविद्यालय

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक बार फिर राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान मजबूत की है। अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग एजेंसी यूनीरैंक 2026 की रैंकिंग में विश्वविद्यालय ने उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं, राष्ट्रीय स्तर पर उसे 44वीं और वैश्विक स्तर पर 3148वीं रैंक मिली है। रैंकिंग में प्रदेश के शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान पाने वाला लखनऊ विश्वविद्यालय एकमात्र राज्य विश्वविद्यालय बना है।

विश्वविद्यालय अधिकारियों के अनुसार यह उपलब्धि संस्थान की बेहतर शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध गतिविधियों, डिजिटल उपस्थिति और वैश्विक स्तर पर बढ़ती पहचान का परिणाम है। यूनीरैंक दुनिया भर के उच्च शिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन उनकी वेब उपस्थिति, ऑनलाइन दृश्यता और डिजिटल प्रभाव जैसे मानकों के आधार पर करती है। इसमें मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को शामिल किया जाता है। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि यह उपलब्धि लखनऊ विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय प्रतिष्ठा और अंतरराष्ट्रीय पहुंच को और मजबूत करेगी।

यह विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। 105 वर्ष से अधिक पुराना लखनऊ विश्वविद्यालय अपनी विरासत को आधुनिक शोध, नवाचार और वैश्विक अकादमिक सहयोग के माध्यम से आगे बढ़ा रहा है।

–प्रो. जेपी सैनी, कुलपति
लखनऊ विश्वविद्यालय

### भाषा विवि में रिक्त सीटों पर प्रवेश की सूचना जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाषा विवि द्वारा बीकॉम, बीएससी ( बायोटेक्नोलॉजी ), बीए एलएलबी व एलएलबी पाठ्यक्रमों में उपलब्ध रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए संशोधित प्रतीक्षा सूची एवं कॉमन सूची के आधार पर अभ्यर्थियों को प्रवेश का अवसर प्रदान किया जा रहा है। विभिन्न पाठ्यक्रमों में उपलब्ध रिक्त सीटों मे बीकॉम सामान्य वर्ग मे 6, अन्य पिछड़ा वर्ग मे 9, अनुसूचित जाति/जनजाति में 4 तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग मे 5 सीटें रिक्त हैं। बीएससी ( बायोटेक्नोलॉजी) सामान्य वर्ग में 22, ओबीसी में 15, एससी/एसटी में 10 तथा ईडब्ल्यूएस वर्ग में 5 सीटें उपलब्ध हैं। बीए एलएलबी सामान्य वर्ग में 15, ओबीसी में 7, एससी/एसटी मे 4 तथा ईडब्ल्यूएस वर्ग में 5 सीटें रिक्त हैं।

## NBT

# यूनीरैंक में एलयू को राज्य विश्वविद्यालयों में पहला स्थान



**NBT न्यूज, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग एजेंसी 'यूनीरैंक' की साल 2026 की सूची में बड़ी कामयाबी हासिल की है। विश्वविद्यालय ने उत्तर प्रदेश के बहु-विषयी राज्य विश्वविद्यालयों में पहला स्थान हासिल किया है। एलयू यूपी के शीर्ष 100 शिक्षण संस्थानों में स्थान बनाने वाला एकमात्र राज्य विश्वविद्यालय बनकर उभरा है। इस प्रतिष्ठित रैंकिंग में लखनऊ विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर 44वीं और वैश्विक स्तर पर 3,148वीं रैंक मिली है।

यूनीरैंक दुनिया भर के मान्यता प्राप्त उच्च शिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन उनकी वेब उपस्थिति, डिजिटल प्रभाव, ऑनलाइन दृश्यता और स्वतंत्र वेब-आधारित संकेतकों के आधार पर करता है। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि यह रैंकिंग विश्वविद्यालय की शैक्षणिक क्षमता को दर्शाती है।

## DAINIK JAGRAN

# लवि दीक्षा समारोह में दिए जाएंगे दो नए पदक

**जासं • लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के 31 जुलाई को होने वाले 69वें दीक्षा समारोह में इस बार कई नए पदक भी दिए जाएंगे। इसमें अंग्रेजी और ज्योतिर्विज्ञान विभाग शामिल है। विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस बार दीक्षा समारोह में अंग्रेजी विभाग से प्रोफेसर एसजेड एच आबिदी गोल्ड मेडल की शुरुआत की गई है।




विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नाजनीन ने बताया कि प्रोफेसर आबिदी विभाग के अध्यक्ष रहे हैं। अंग्रेजी के प्रमुख विशेषज्ञों में भी उनका नाम है। उनकी पत्नी निशात आबिदी की ओर से यह मेडल शुरू किया जा रहा है, जिसे एमए अंग्रेजी में सर्वाधिक अंक वाले विश्वविद्यालय परिसर के मेधावी को दिया जाएगा। यदि दो विद्यार्थी के अंक समान हुए तो फाइनल सेमेस्टर में सबसे अधिक अंक वाले को यह मेडल मिलेगा।

दूसरा मेडल ज्योतिर्विज्ञान विभाग का है। यहां के समन्वयक डा. श्यामलेश कुमार तिवारी ने बताया कि चंद्र मणि सिंह अंतरिक्ष विज्ञानी रहे हैं। उनके परिवार ने स्मृति में चंद्र मणि सिंह स्वर्ण पदक देने का निर्णय लिया है। दीक्षा समारोह में यह पदक एम.ए ज्योतिर्विज्ञान में सर्वाधिक अंक पाने वाले विद्यार्थी को दिया जाएगा।

## AMAR UJALA

# लविवि : प्रदेश का शीर्ष राज्य विवि बना

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग एजेंसी यूनीरैंक की वर्ष 2026 की सूची में बड़ी उपलब्धि हासिल की। विवि ने प्रदेश के बहु-विषयी राज्य विश्वविद्यालयों में पहला स्थान प्राप्त किया है। यह देश के शीर्ष 100 शिक्षण संस्थानों में शामिल होने वाला उत्तर प्रदेश का एकमात्र राज्य विश्वविद्यालय है। वैश्विक स्तर पर जारी इस रैंकिंग में लविवि को राष्ट्रीय स्तर पर 44वां स्थान मिला है। इसे वैश्विक स्तर पर 3148वां स्थान प्राप्त हुआ है। यूनीरैंक विश्वविद्यालयों की वेब उपस्थिति, डिजिटल प्रभाव और ऑनलाइन दृश्यता का मूल्यांकन करता है। कुलपति जेपी सैनी ने कहा कि शीर्ष 100 संस्थानों में शामिल होना विश्वविद्यालय की मजबूत शैक्षणिक क्षमता और उत्कृष्टता का परिचायक है। (संवाद)

## HINDUSTAN

# यूनीरैंक में एलयू, यूपी के राज्य विवि में प्रथम

लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक बार फिर राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान मजबूत की है। अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग एजेंसी यूनीरैंक 2026 की रैंकिंग में विवि ने उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में पहला स्थान हासिल किया है। राष्ट्रीय स्तर पर उसे 44वीं और वैश्विक स्तर पर 3148वीं रैंक मिली है। रैंकिंग में प्रदेश के शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान पाने वाला एलयू एकमात्र राज्य विवि बना है। एलयू प्रशासन के अनुसार उपलब्धि संस्थान की बढ़ती पहचान का परिणाम है।